

### एक नजर में

## कान्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा




**बुरहानपुर।** बुधवार को नगर में माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों में सफलता का प्रथम लहराया। इसमें कक्षा दसवीं में से प्रत्याशी विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनमें से 29 विद्यार्थियों को 80: से अधिक अंक प्राप्त हुए तथा दो विद्यार्थी फैज़ल मंसूरी और तनिष्का डोंगरे ने 96.4 अंक अर्जित कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रही वैष्णवी चौकसे जिन्होंने 95.2 प्रतिशत अंक अर्जित किया। इसके साथ ही कक्षा बारहवीं गणित .विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर रही डिंपल अहिरवार जिन्होंने 92.8: अंक प्राप्त किये तथा द्वितीय स्थान पर रही सानवी धानक जिन्होंने 90.2प्रतिशत अंक अर्जित किये। कक्षा बारहवीं वाणिज्य संकाय में 81.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही भूमिका बरहाटे तथा 80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही दीपशिखा पाटिल। विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर प्राचार्या सिस्टर टीना ने सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना कर बधाई प्रेषित की। तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जल गंगा संवर्धन और स्वच्छ सर्वेक्षण अंतर्गत शाहपुर में जागरूकता रैली का आयोजन



**शाहपुर।** शासन आदेशानुसार एवं अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेंद्र तिवारी के आदेशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन श्जल गंगा संवर्धन अभियान 2026श् एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय,शाहपुर एवं नगर परिषद् शाहपुर द्वारा सयुक्त रूप से एक जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को समझाना एवं आम नागरिकों को जल बचाने के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर से हुआ,जिसमें विद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफएवं नगर परिषद् के अधिकारी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान छात्राओं ने जल है तो कल है, जल बचाओ, जीवन बचाओ,श्बूंद.बूंद से सागर सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ो धरती बचाओ, स्वच्छता अपनाओ जीवन बचाओ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर शाहपुर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान छात्राओं ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की और जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का संकल्प लिया।

विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्राओं को जल एवं स्वच्छता के महत्व एवं इसके संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्षा जल संचयनए जल का विवेकपूर्ण उपयोग एवं जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही जल संरक्षण एवं स्वच्छता की सामूहिक शपथ ली गई। इस रैली के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन में जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस अवसर पर श्री धर्मेन्द्र देशमुख प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय,शाहपुर, समस्त शिक्षक शिक्षिकाए, वरिष्ट लिपिक श्री जगन्नाथ महाजन,प्रभारी अधिकारी श्री ईश्वर वरखेडे, श्री बोंडरसिंग डावर, महेंद्र महाजन, चेतन महाजन, हर्षल जैन, भुषण आखरे,मयूर मेंढ़रेकर,वैभव चौधरी एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए विरोध प्रदर्शन

**बुरहानपुर।** दशहरा मैदान भोपाल में शिक्षक पात्रता परीक्षा एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना हेतु लाखों शिक्षकों शिक्षिकाओं ने पहुंचकर अपना विरोध प्रदर्शन किया उपरोक जानकारी देते हुए ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम शिक्षक लोगों को बार बार क्यों योग्यता साबित करने के लिए कभी सुप्रीम कोर्ट द्वारा तो कभी विभाग द्वारा हमारे आत्मसम्मान की परीक्षा ली जाती है यह तो अन्याय है मध्य प्रदेश शासन को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए और शिक्षक पात्रता परीक्षा निर्णय वापस लिया जाए एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता लागू कीजिए। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल बाविस्कर ,बृजेश राठौर, राजेश साल्वे ,सदानंद कापसे ,भानुदास भाई, दीपक डोले एवम् लाखों कर्मचारियों ने भोपाल में अपनी ताकत दिखाई।

# किसानों को खाद-बीज आदि संसाधन समय पर उपलब्ध रहें : मंत्री सिलावट

### जिले में विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** म.प्र.शासन जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि बुरहानपुर के समग्र विकास के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करेए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कृषक कल्याण वर्ष के तहत अन्नदाताओं को समय पर खाद, बीज एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहे। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी से जलआंदोलन को जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए प्रत्येक नागरिक को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाए। विदित है कि जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट शनिवार को बुरहानपुर जिले के प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जिला विकास सहलाकर समिति एवं जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस,नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू, महापौर माधुरी पटेल, जिला अध्यक्ष मनोज माने, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समिति के सदस्यगणए कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार, वनमंडलाधिकारी विद्याभूषण सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश सहित समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**समन्वित प्रयासों से होगा जिले का विकास:-** जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मार्गदर्शन में जिला विकास सहलाकर समिति में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को जोड़ा गया है, जिससे सभी वर्गों के सुझावों के आधार पर जिले का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

उन्होंने समिति के सदस्यों से चर्चा कर उनके विचार सुने एवं विकास कार्यों हेतु लिखित सुझाव प्रस्तुत करने की बात कही।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान को व्यापक रूप देने पर जोर दिया। जिले में कहीं भी पेयजल की समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाए तथा जल संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए। वर्षा के पूर्व सभी जल संरचनाओं का सुधार कार्य पूर्ण करने एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के लिए अभी से प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

**स्वास्थ्य और नगरीय व्यवस्थाओं की समीक्षा:-** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सरकारी अस्पतालों में बेडए,दवाओं एवं एंबुलेंस की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि प्रत्येक नागरिक को समय पर उपचार मिले इस हेतु अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें एवं मरीजों के लिए आपातकालीन चिकित्सा सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहे। इसी कड़ी में नगर निगम को निर्देशित किया गया कि पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांचए टंकियों की साफसफाई तथा सीवरेज जल को नदी में जाने से रोका जाये ताकि मां ताप्ती स्वच्छ रहे।

**शिक्षा और अन्य विभागों को दिए निर्देश:-** प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए स्कूलों में पंखेए शुद्ध पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही राजस्व विभाग में नामांतरणए बंटवारा एवं सीमांकन कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर खाद्य विभाग को गैस एवं राशन वितरण सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री सिलावट ने शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंधीपुरा की छात्रा मानसी भावसार को कॉमर्स संकाय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सीबीएसई स्कूल में 10वीं का परीक्षा परिणाम



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** केंद्रीय विद्यालय नेपानगर के कुल 34 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमे से 33 बच्चों ने उत्तीर्ण होकर सफलता प्राप्त की। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये साथ ही 24 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

विद्यालय में प्रथम स्थान प्रणंजय सिंह ठाकुर ने 95.8प्रतिशत के साथ हासिल किया। कु. श्रावणी पवार ने 93.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कु. भूमिका सोनवणे और कु. वैदेही चावड़ा ने 92.6 प्रतिशत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को प्राचार्य रामावतार यादव, कक्षशिक्षक, विषय शिक्षक व समस्त स्टाफ़ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। केंद्रीय विद्यालय नेपानगर ने 10 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही कक्षा 11 वीं विज्ञान और वाणिज्य संकाय हेतु रिक्त सीट के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इच्छुक अभिभावक और विद्यार्थी 27 अप्रेल तक आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय ने हेल्पडेस्क तैयार किया है जिसके प्रभारी रियाज़ अहमद से विद्यालय समय मे संपर्क कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

## विधायक चिटनिस के प्रयासों से मिली चना खरीदी में बड़ी राहत



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले के चना खरीदी केंद्रों पर किसानों को आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। फिंगरप्रिंट ;अंगूठाद्ध मैच नहीं होने एवं सर्वर संबंधी दिक्कतों के कारण किसानों के बिल समय पर नहीं बन पा रहे थेए जिससे उन्हें कई दिनों तक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

इस समस्या से किसानों ने विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध को अवगत कराया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए श्रीमती चिटनिस ने तत्काल संबंधित उच्चाधिकारियों से चर्चा कर समस्या के निराकरण के निर्देश दिएए जिसके बाद व्यवस्थाओं में सुधार किया गया। अब नई व्यवस्था के तहतए यदि किसी किसान का फिंगरप्रिंट मशीन में दो बार लगाने के बाद भी मैच नहीं होता हैए तो तीसरी बार अंगूठा लगाने पर उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजकर सत्यापन किया जाएगा और उसी आधार पर पेमेंट बिल जारी किया जाएगा। इससे फिंगरप्रिंट संबंधी समस्या के कारण रुकी हुई प्रक्रिया अब बिना बाधा पूरी हो सकेगी।

ज्ञात हो कि हाल ही में मंडी निरीक्षण के दौरान किसानों ने सर्वर डाउन होने एवं फिंगरप्रिंट न आने के कारण बिल नहीं बनने की समस्या से अवगत कराया था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने ओटीपी आधारित वैकल्पिक व्यवस्था लागू की है।

**खरीदी केंद्रों की व्यवस्था में भी बदलाव:** रबी 2025.26 विपणन वर्ष 2026-27 में जिला उपार्जन समिति द्वारा पूर्व में 2 मंडी स्तरीय एवं 1 उपमंडी स्तरीय चना खरीदी केंद्रों का अनुमोदन किया गया था।

बुरहानपुर की रेणुका कृषि उपज मंडी स्थित इन केंद्रों पर अधिक संख्या में किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग होने से दबाव की स्थिति बन रही थी। इसके साथ हीए ई.उपार्जन पोर्टल का धीमा संचालनए शाम 6 बजे बंद होना तथा श्रेडी टू ट्रांसपोर्टष् के बाद ट्रांसपोर्ट ऑर्डर जारी होने में लगभग 24 घंटे का समय लगने जैसी समस्याओं के कारण ट्रांसपोर्ट चालान समय पर नहीं बन पा रहे थे। इससे खरीदी केंद्रों पर स्टॉक का उठाव प्रभावित हो रहा था और किसानों के भुगतान में विलंब की स्थिति बन रही थी। इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर अब मंडी स्तरीय खरीदी केंद्रों को रेणुका मंडी स्थित सेंट्रल वेयर हाउस में गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्र के रूप में पुन: निर्धारित किया गया है। इस निर्णय से खरीदी प्रक्रिया में तेजी आएगीए स्टॉक का समय पर उठाव सुनिश्चित होगा।

## प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने ग्रामीणों के बीच बैठकर किया संवाद




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने अपने बुरहानपुर प्रवास के दौरान ग्राम हसनपुरा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर विधिवत पूजन.अर्चन कर हसनपुरा तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में नेपानगर विधायक मंजू दादू, जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, पूर्व विधायक सुमित्रा कास्डेकर, पूर्व महापौर अतुल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वन मण्डलाधिकारी विद्याभूषण सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश सहित अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने तालाब गहरीकरण कार्य में लगे श्रमिकों से कहा कि कार्य को निर्धारित समय.सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जायें। इस दौरान उपस्थितजनों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संचयन की शपथ भी ली। विदित है कि तालाब गहरीकरण से तालाब की जलधारण क्षमता में वृद्धि होगी जिससे आस.पास के क्षेत्र में 101 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा एवं किसान परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

**ग्रामीणों से रुबरू की चर्चा:-** जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने ग्रामीणजनों एवं महिलाओं के बीच बैठकर संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणजनों से शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने आयुष्मान कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन वितरण, उज्वला योजना एवं पेंशन योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से प्राप्त सुझावों एवं प्रस्तावों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाना है। जिससे जल संरक्षण के प्रयासों को व्यापक सफलता मिल सकेगी। विदित है कि बुरहानपुर प्रवास के दौरान जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में भी सहभागिता की।



## जिले के टॉपर्स का सम्मान



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पालक महासंघ, जिला इकाई बुरहानपुर द्वारा मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जिले के होनहार छात्र.छात्राओं हेतांशी दिनेश शाह, प्रियांशी रूपेश पियासी, मानसी दक्ष हरिओम भावसार, तनवीर अब्दुल हामिद अंसारी,नजमुन फिरोज चाय वाला एवं अर्शिया परवीन ,अंसार अहमद को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट परिणामों से न केवल अपने परिवार काए बल्कि पूरे बुरहानपुर जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों की मेहनतए अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी समीर श्रॉफ रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा विभाग कि और से उपस्थित गोपाल चौधरी साहब के हस्ते विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में पालक महासंघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, कविता चौहान,राजीव खेड़कर, राजेश भगत,मंसूर सेवक, अत्ताउल्लाह खान, राजकुमार बछवानी, परेश, डॉ.युसूफ खान, रामकुमार अग्रवाल, दीपक महाजन, वरुण चौधरी एवं रियाज उल हक अंसारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पालक महासंघ द्वारा आयोजित यह सम्मान समारोह विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन एवं शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

### एक नजर

### विधायक अर्चना चिटनिस और अन्य प्रबुद्ध वर्ग ने दी प्रतिक्रिया, राजनीतिक क्षितिज पर स्वयं चमकेगी नारी...

# महिला आरक्षण बिल : नारी शक्ति स्वयं में प्रभावी, आज नहीं तों कल हासिल कर लेगी अपना मुकाम

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** लोकसभा में महिला आरक्षण बिल का गिरना इस बात का प्रमाण है कि नारी शक्ति स्वयं में प्रभावी है और उनका आगे बढ़ना हर किसी को पसंद नहीं है। यद्यपि यह संविधान संशोधन बिल सामान्य बहुमत की दृष्टि से देखें तो पारित है क्योंकि बिल के पक्ष में 298 तथा विपक्ष में 230 वोट ही पड़े। इस तरह बिल के पक्ष में 68 वोट अधिक प्राप्त किये,किंतु संविधान संशोधन के लिए अपेक्षित 352 वोट नहीं मिलने से यह बिल पास नहीं हो सका।

इस बार यह अच्छा हुआ कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष में सबने अपना मत रखा किसी ने किंतु परंतु के साथ और किसी ने सीधे.सीधे किंतु इसके साथ संसदीय क्षेत्र का परिसीमन जुड़ा होने के कारण विपक्ष को यह बिल रास नहीं आया।

आज भी कुछ लोगों की मान्यता है कि नारी या तो देवी के रूप में अच्छी है या ग्रहणी के रूप में दासी इससे आगे वे सोचना नहीं चाहते और जब.जब नारी को अधिकार दिए जाने की बात आती है तो महाभारत शुरू हो जाता है। आज नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है इस दृष्टि से उस पर डिवेड भी हो रहें है और निबंध भी लिखे जा रहें हैं।

किंतु नारी को अधिकार संपन्न देखना कुछ दलों को भी चुभता है और कुछ नेताओं को भी यह तो अच्छा हुआ कि महिला सदस्यों के मुखरित होने से इस बार पढ़ी.लिखी ,बाल कटी ,महिलाएं जैसे शब्दावली का उपयोग नहीं हुआ ,फिर भी सास बहू वाली कहकर कला का मजाक किया गया। अभी भी नारी विधेयक विमर्श में और अधिक सावधानी एसभ्यता एवं सहकार की भावना की आवश्यकता है। आखिर आधी दुनिया महिलाओं की हैए आधा अधिकार तो उनका बनता है किंतु प्रस्तावित 33 प्रतिशत आरक्षण भी कुछ दलों को अनुचित प्रतीत हो रहा है। यह महिलाओं के साथ क्रुर मजाक के साथ अन्याय ही है। ऐसे में महिलाओं को चाहिए कि वे अपनी शक्ति की पहचान करें स्वयं को सशक्त बनाएं आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बने और आगे जाकर राजनीतिक दलों की सदस्यता ग्रहण करें। समूह बद्ध होकर अपना अधिकार सुनिश्चित करें। यूरोप के अनेक देशों में महिलाओं ने संगठित होकर संसद से सड़क तक प्रोटेक्ट किया जिसका परिणाम यह हुआ कि अब उन्हें कोई नजर अंदाज नहीं कर सकता। आज भी प्रधानमंत्री एसेनाध्यक्ष जैसे पदों पर आकर अपनी प्रतिभाए दक्षता और क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। इनका अनुकरण भारतीय महिलाओं को करना चाहिए। स्वयं अपनी क्षमता दक्षता में



सर्वोपरि महिलाओं के अनेक उदाहरण मिलते हैं. जैसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। प्रिया अग्रवाल हेब्बर ,सेमीकंडक्टर उद्योग,देबजानी घोष ;टेक्नोलॉजी और विक्टोरिया डीसूज़ा ,इलेक्ट्रिक व्हीकल जैसी महिलाएं इनोवेशन ला रही हैंए जो भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत बना रही हैं।

**वित्त और उद्यमिता के क्षेत्र में:-** अरुंधति भट्टाचार्य बैंकिंग क्षेत्र की पूर्व प्रमुख और सावित्री जिंदल जैसी महिलाएं आर्थिक संस्थानों का नेतृत्व कर रही हैं। हमारे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। ग्रामीण क्षेत्र में लखपति दीदी योजना के तहत 2 करोड़ से अधिक महिलाएं स्व.सहायता समूहों से उद्यमिता अपना रही हैं,जो सतत विकास को बढ़ावा दे रही है।

**स्वास्थ्य और ऊर्जा :-** डॉ. प्रीता रेड्डी ;स्वास्थ्य क्षेत्र और गुल पनाग ; अक्षय ऊर्जा व उद्यमिता महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रतीक हैं। ये पेशेवर स्वास्थ्य सेवाओं और हरित ऊर्जा में योगदान देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही हैं।

**राजनीति के क्षेत्र में नेतृत्व दिखाई महिलाओं में स्वर्गीय:-** सुषमा स्वराज जैसी महिलाओं ने विदेश मामलों में मजबूत नेतृत्व दिया,जबकि उभरती महिलाएं राजनीतिक प्रतिनिधित्व बढ़ा रही हैं। सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं का प्रभाव देखें तो प्रभाव तो केरल की बांध इंजीनियरों से बिहार की स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तक, महिलाएं समुदायों में बदलाव ला रही हैं। ये प्रयास लैंगिक समानता और विकास को गति दे रहे हैं।

आर्मी, नेवी और एयर फोर्स में महिलाएं पहली बार युद्धक विमानों और पनडुब्बियों की कमान संभाल रही हैं। लेफ्टिनेंट अवनी चतुर्वेदी जैसी पायलट डफ्ळ.21 उड़ा रही हैं, जबकि कर्नल मनीषा भोंडवे और विंग कमांडर प्रियंका ठाकुर दुश्मन सीमाओं पर सतर्कता बरत रही हैं। ये महिलाएं शांति से युद्ध तक राष्ट्र रक्षा में अग्रिम पंक्ति में खड़ी हैं।

अंतरिक्ष अनुसंधान .इसरो की उभरती महिला वैज्ञानिकें चंद्रयान.3 और गगनयान मिशन को सफल बना रही हैं। नाव्या मेनन ;रोविंग रोबोट डिजाइनर,अदिति करुणाकरन ;लैंडर सिस्टम इंजीनियर और मौली सिंह ने चंद्रमा पर तिरंगा फहराया। अंतरिक्ष से पृथ्वी तक इनकी भूमिका भारत को वैश्विक शक्ति बना रही है।

उद्योग और व्यापार जगत में फाल्गुनी नायर ,किरण मजूमदार.शॉ ;बायोकॉन और रोशनी नादर ;एचसीएल अरबपति बनकर अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। ये महिलाएं स्टार्टअप्स से लेकर बड़ी कंपनियों तक नवाचार ला रही हैं,जिससे भारत वैश्विक व्यापार में अव्वल आ रहा है।

**महिला सशक्तिकरण योजनाएं:-** लखपति दीदी 2 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से उद्यमी बनीं,सालाना 1 लाख रुपये कमाकर आर्थिक स्वावलंबन हासिल किया। लाडली बहना ;मध्य प्रदेश 1.29 करोड़ बहनों को मासिक 1250 रुपये देकर दुकानें खोलीं और परिवार चलाया। ड्रोन दीदी 1500 महिलाओं को ड्रोन उड़ाना सिखाकर कृषि छिड़काव में क्रांति लाईए फसल उत्पादन दोगुना हुआ।

सामाजिक और खेल क्षेत्र में ओलंपिक पदकवीर पीवी सिंधु, साइना नेहवाल खेल में गौरवान्वित कर रही हैं। ये महिलाएं गांव से वैश्विक पटल तक बदलाव की मिसाल हैं।

जमीन पर किसान से लेकर अंतरिक्ष यात्री तक, शांति दूत से जाबांज सिपाही तक भारतीय महिलाएं नमो योजनाओं की बदौलत देश को विश्व गुरु बना रही हैं। आरक्षण तो महिलाओं का सम्मान है न कि कामयाबी की गाड़ी ,वे वैसे भी तेज चलती है। **-डॉ उर्मिला चौकसे, सह प्राध्यापक, अर्थशास्त्र विभाग, सेवा सदन महाविद्यालय बुरहानपुर**